आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार एकांश
देहरादून (उत्तराखण्ड)
शुक्रवार 11.07.2025
समय 1830

**मुख्य समाचार :–**

- श्रावण मास की कांवड़ यात्रा आज से शुरू। कांवड़ यात्रा के मद्देनजर सरकार और प्रशासन की सभी तैयारियां पूरी।
- मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा– कॉमन सर्विस सेंटर ने डिजिटल सेवाओं को घर–घर तक पहुंचाने के साथ ही समाज में रोजगार के अवसर भी पैदा किए हैं।
- मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को फरियादियों की समस्याओं पर उचित कार्रवाई कर उनका शीघ्र समाधान करने के निर्देश दिए।
- प्रदेश में त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव की प्रक्रिया गतिमान। 24 और 28 जुलाई को होगा मतदान।
- और... मौसम विभाग ने 15 जुलाई तक राज्य में बारिश का येलो अलर्ट जारी किया है।

कांवड़ यात्रा

श्रावण मास की कांवड़ यात्रा आज से शुरू हो गई है। सुबह से ही बड़ी संख्या में कांवड़िये गंगाजल लेने के लिए उत्तराखंड के हरिद्वार, ऋषिकेश, नीलकंठ महादेव और गंगोत्री धाम पहुँच रहे हैं। हमारी संवाददाता ने बताया कि कांवड़ यात्रा को देखते हुए सरकार और प्रशासन ने यात्रा की सभी तैयारियाँ पूरी कर ली हैं।

उत्तराखंड में कांवड़ यात्रा को लेकर कांवड़ियों में खासा उत्साह है। इस साल की कांवड़ यात्रा आज से शुरू होकर 23 जुलाई तक चलेगी। सरकार का कहना है कि हर साल की तरह इस बार भी देश के विभिन्न राज्यों से करोड़ों कांवड़ियों के गंगाजल लेने के लिए हरिद्वार पहुँचने की उम्मीद है। कांवड़ियों की सुविधा और यात्रा व्यवस्था बनाए रखने के लिए राज्य पुलिस, एसडीआरएफ और अर्धसैनिक बलों के सात हज़ार से ज़्यादा जवानों को तैनात किया गया है। मेले के दौरान यात्रा मार्गों पर स्वास्थ्य शिविर, एम्बुलेंस, मोबाइल शौचालय, पेयजल और कचरा प्रबंधन की भी व्यवस्था की गई है। गौरतलब है कि पिछले साल लगभग साढ़े चार करोड़ कांवड़िये उत्तराखंड पहुँचे थे। इस बार भी 7 करोड़ कांवड़ियों के उत्तराखंड पहुँचने की उम्मीद है।

गोमुख से गंगाजल लेकर लौट रहे फरीदाबाद निवासी (कांवड़िया) जितेंद्र नागर ने बताया कि उन्हें प्रशासन की सभी व्यवस्थाएं सुचारू रूप से धरातल पर दिखी है। उन्होंने यात्रा मार्ग पर होटलों में रेट लिस्ट, जगह–जगह शौचालय और पेयजल की बेहतर व्यवस्था के लिए सरकार का आभार व्यक्त किया है।

**कॉमन सर्विस सेंटर**

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि कॉमन सर्विस सेंटर– सी.एस.सी ने न केवल डिजिटल सेवाओं को घर–घर तक पहुंचाया है, बल्कि समाज में रोजगार के अवसर भी पैदा किए हैं। आज 'कॉमन सर्विस सेंटर' दिवस पर देहरादून में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि सीएससी संचालक ग्रामीण स्तर पर लोगों के जीवन को सरल और सुगम बना रहे हैं। उन्होंने कहा कि राज्य में 13 हजार से अधिक सीएससी संचालित हैं। इनके माध्यम से यूसीसी पंजीकरण, विभिन्न प्रमाण पत्र और डिजिटल लेनदेन जैसे विभिन्न कार्य किए जा रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि सीएससी देश के कोने–कोने तक पहुंचे बदलाव का प्रतीक है। यह आम लोगों के विश्वास का केंद्र होने के साथ–साथ लोगों की आकांक्षाओं को भी पूरा करता है। सीएससी के माध्यम से शहरों की सेवाएं एक क्लिक में

गांवों तक पहुंच रही हैं और देश की ग्राम पंचायतें डिजिटल पंचायत बन रही हैं। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड जैसे पहाड़ी राज्य में सीएससी की भूमिका और भी महत्वपूर्ण हो जाती है। श्री धामी ने कहा कि राज्य में विज्ञान आधारित ज्ञान अर्थव्यवस्था को भी बढ़ावा दिया जा रहा है।

## जनसमस्याओं का समाधान

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने, मुख्यमंत्री कार्यालय को पत्र भेजकर अपनी समस्या बताने वाले फरियादियों से बातचीत करते हुए अधिकारियों को उन पर उचित कार्रवाही के निर्देश दिए हैं। श्री धामी ने कहा कि समाधान ही प्रदेश सरकार की कार्यशैली की सबसे बड़ी पहचान है। डोईवाला तहसील के शेरगढ़ निवासी कर्मचंद के पत्र का संज्ञान लेते हुए मुख्यमंत्री ने दूरभाष पर उनसे पूरी समस्या सुनने के बाद, प्रमुख अभियंता सिंचाई विभाग को मामले में उचित कार्यवाही के निर्देश दिए हैं।

## रुद्रे□वर महाराज डोली

उत्तरकाशी जिले की रवाईं घाटी के प्रसिद्ध रुद्रेश्वर महाराज की पालकी एक साल बाद देवलसारी स्थित उनके मंदिर के गर्भगृह से बाहर निकली। इस अवसर पर आज देवलसारी में देवता का प्रसिद्ध देवराणा मेला आयोजित किया गया। इस दौरान क्षेत्र के 65 गांवों से श्रद्धालु उनके दर्शन के लिए उमड़े। मंदिर समिति के अध्यक्ष जयवीर परमार ने बताया कि इस अवसर पर श्रद्धालुओं पर विशेष पुष्प वर्षा की गई।

## त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव

हरिद्वार जिले को छोड़कर राज्य के शेष 12 जिलों में त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव की प्रक्रिया गतिमान है। चुनाव के लिए नामांकन दाखिल करने की प्रक्रिया पूरी हो चुकी है। राज्य निर्वाचन आयोग की ओर से जारी अधिसूचना के अनुसार, आज नामांकन वापस लेने का आखिरी दिन था। इस बार पंचायत चुनाव के लिए मतदान दो चरणों में होगा। पहले चरण में 24 जुलाई और दूसरे चरण में 28 जुलाई को मतदान होगा। मतगणना और परिणामों की घोषणा 31 जुलाई को की जाएगी।

इस बीच, चुनाव आयोग शांतिपूर्ण और निष्पक्ष मतदान और मतगणना की तैयारियों में जुटा है। इसके लिए कर्मियों को प्रशिक्षित किया जा रहा है। दूसरी ओर, चुनाव लड़ रहे प्रत्याशियों ने भी चुनाव प्रचार तेज कर दिया है। भाजपा, कांग्रेस, यूकेडी और निर्दलीय प्रत्याशी गांव–गांव में मतदाताओं को अपने पक्ष में करने में जुटे हैं। हालांकि अभी आयोग से उम्मीदवारों को चुनाव चिन्ह मिलना बाकी है।

## अतिक्रमण

नैनीताल जिला प्रशासन ने शहर में ब्रिटिशकालीन नालों पर अतिक्रमण करने वालों के खिलाफ कार्रवाई करना शुरू कर दिया है। इसके लिए नैनीताल की जिलाधिकारी वंदना ने 62 ब्रिटिशकालीन नालों पर अतिक्रमण करने वालों की सूची तैयार करने के लिए विभिन्न विभागों के अधिकारियों की एक टीम गठित की है। यह दल जीआईएस, जीपीएस, ड्रोन और बंदोबस्त मानचित्रों के आधार पर सर्वेक्षण करके 15 दिनों में अतिक्रमणकारियों की सूची तैयार करेगा।

## विस्फोटक सामग्री

देहरादून के त्यूणी में पुलिस ने एक वाहन से भारी मात्रा में विस्फोटक सामग्री बरामद की है। यह जानकारी देते हुए जिले के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अजय सिंह ने बताया कि चेकिंग अभियान के दौरान एक वाहन से 125 किलोग्राम डायनामाइट, 2 बॉक्स डेटोनेटर, लाल तार का एक रोल और नीली बत्ती का एक बंडल बरामद किया गया। इस मामले में तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है।

**मौसम**

राजधानी देहरादून समेत राज्य के कुछ हिस्सों में दोपहर बाद से रुकरुक कर हल्की से मध्यम बारिश हो रही है, जबकि कुछ स्थानों पर बादल छाए हुए हैं। वहीं, सुबह अधिकांश स्थानों पर मौसम साफ रहा।

इस बीच, मौसम विभाग ने 15 जुलाई तक राज्य में बारिश का येलो अलर्ट जारी किया है। विभाग के अनुसार, आज देहरादून, रुद्रप्रयाग, चमोली और बागेश्वर जिलों में कुछ स्थानों पर भारी बारिश की संभावना है। 13 जुलाई को देहरादून, नैनीताल और बागेश्वर में बारिश का ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है।

राज्य में बारिश और भूस्खलन के कारण पर्वतीय क्षेत्र में बार–बार अवरुद्ध हो रही सड़कों को खोलने के प्रयास जारी हैं। वहीं, उत्तरकाशी जिले में यमुनोत्री राष्ट्रीय राजमार्ग पर ओजरी के पास नवनिर्मित बेली ब्रिज पर वाहनों की आवाजाही बहाल कर दी गई है। गौरतलब है कि 28 जून को भूस्खलन के कारण ओजरी के पास राजमार्ग का एक हिस्सा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया था।